एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

वमी विक्रम संवत 2082 | बरेली | गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025, वर्ष।

PAGE NO : 05 MIDDLE

# एसआरएमएस व देहरादून फाइनल में

- देहरादून स्ट्राइकर्स ने 68 रन से और एसआरएमएस ने 23 रन से हासिल की जीत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसआरएमएस ट्रस्ट और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन बुधवार को दिल्ली दबंग वुमेन्स और देहरादून स्ट्राइकर्स वुमेन्स और एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और हल्द्वानी क्विन्स वुमेन्स के बीच मैच खेले गए।

श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट के तीसरे मैच में देहरादून स्ट्राइकर्स की कप्तान आराधना ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। नीलम बिष्ट ने 57, रोज ने 23 और यशिका ने 36 रन बनाए। दिल्ली दबंग वुमेन्स की आरती सैनी और भूमिका ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में दिल्ली दबंग वुमेन्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम निर्धारित ओवर में 6 विकेट खोकर 81 ही बना सकी। तेजी से गिरते विकेटों के बीच नेहा ने टीम को संभालने की कोशिश की और नाबाद रहते हुए सर्वाधिक 21 रन बनाए। देहरादून स्ट्राइकर्स ने 68 रन से मैच जीत कर फाइनल के लिए स्थान सुरक्षित किया। नीलम को मैन आफ द मैच चुना गया।



मैच के दौरान शॉट लगाती खिलाड़ी।

टूर्नामेंट के चौथे मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 108 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें मनीषा कुंवर ने 34 रन और काजल गुर्जर ने 27 रन का योगदान दिया। हल्द्वानी क्विन्स वुमेन्स की टीम आठ विकेट पर 85 रन ही बना सकी और एसआरएमएस ने मैच 23 रनों से जीत लिया। इसमें 23 रनों का सर्वाधिक योगदान अंकिता शाह ने दिया। हर्षिता पंत और मीनाक्षी यादव ने हल्द्वानी के 3-3 विकेट लिए। मीनाक्षी यादव को मैन आफ द मैच चुना गया। लगातार दूसरी जीत के साथ एसआरएमएस ने 31 अक्टूबर को होने वाले फाइनल मैच में प्रवेश हासिल किया। फाइनल में एसआरएमएस का मुकाबला देहरादून स्ट्राइकर्स से होगा।

मैच में ह्रदेश कुमार और सौरभ कुमार अंपायर और अनुज शर्मा थर्ड अंपायर रहे। कुणाल ने स्कोरर और युसुफ अंसारी ने कमेंट्री की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता, वाइस प्रिंसिपल डॉ. ऋतु सिंह, सीईटीआर के डीन डॉ. शैलेश सक्सेना, डायरेक्टर फार्मेसी डॉ. नितिन शर्मा, टूर्नामेंट आयोजन समिति के सदस्य, कालेज फैकल्टी और कोच मनीष सिंह मौजूद रहे। गुरुवार को पहला मैच दिल्ली दबंग वुमेन्स बनाम हल्द्वानी क्विन्स वुमेन्स में और दूसरा मैच एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और देहरादून स्ट्राइकर्स वुमेन्स के मध्य खेला जाएगा।